कक्षा : 12th **अभ्यास प्रश्न–पत्र (2022-23)** कोड - B

**Roll No.** | | | | | | | | | | |

# हिन्दी

# HINDI

# (ACADEMIC/OPEN)

समय : 3 घंटे पूर्णांक - 80

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ 06 तथा प्रश्न 11 हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये कोड नम्बर तथा सेट को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख्य–पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर–पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।
- उत्तर–पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं0 प्रश्न–पत्र पर अवश्य लिखें।
- कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न–पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

प्रश्न–1 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। 6

1 लक्ष्मण के मूर्छित होने पर सामान्य मनुष्य को तरह कौन विलाप करने लगता है?

(क) राम (ख) भरत

(ग) वानर (घ) सीता

2 सहर्ष स्वीकारा है कविता के अनुसार ममता के बादल की मंडराती कोमलता कहां पिराती है?

(क) बाहर (ख) भीतर

(ग) चारों तरफ (घ) सर्वत्र

3 निराला ने अट्टालिकाओं को क्या कहा है?

(क) ऐश्वर्य भवन (ख) सौंदर्य भवन

(ग) भव्य भवन (घ) आतंक भवन

4 साहित्य का रसायन क्या है?

(क) श्रद्धा (ख) सम्मान

(ग) कल्पना (घ) जलप्ना

5 'छोटा मेरा खेत' अथवा 'बग़लों के पंख' कविता के रचयिता हैं।

(क) उमाशंकर जोशी (ख) शमशेर बहादुर सिंह

(ग) आलोक धन्वा (घ) हरिवंश राय बच्चन

6 'निकर' शब्द का अर्थ क्या है?

(क) समूह (ख) निकट

(ग) निकष (घ) हस्त

प्रश्न–2 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

सबसे तेज बौछारें गई भादो गया

सवेरा हुआ

खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा

शरद आया पुलों को पार करते हुए

अपनी नई चमकीली साईकिल तेज चलाते हुए।

अथवा

तिरति है समीर सागर पर

अस्थिर सुख पर दुख की छाया

जग के दग्ध हृदय पर

निर्दय विप्लव की प्लावित माया

प्रश्न–3 हरिवंश राय बच्चन अथवा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के जीवन, रचनाओं एवं भाषा शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

प्रश्न–4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2+2=4

(I) परदे पर वक्त की कीमत है कहकर कवि ने पूर साक्षात्कार के प्रति अपना नजरिया किस रूप में रखा है?

(II)भोर के नभ को राख से लीपा गया चौका क्यों कहा गया है?

प्रश्न–5 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। 6

1 लुट्टन पहलवान ने चांद सिंह को कहां के दंगल मे हराया था?

(क) जामनगर (ख) श्यामनगर

(ग) भावनगर (घ) चांद नगर

2 उमस और लू में कौन-सा पेड़ कालजयी अवधूत की भांति अजेय है?

(क) पलाश (ख) शिरीष

(ग) गुलावघ (घ) गुलमोहर

3 भक्तिन कहां की रहने वाली थी?

(क) झांसी (ख) हांसी

(ग) झूंसी (घ) हूंसी

4 'काले मेधा पानी दे' पाठ में 'बोल गंगाा मैया की जय' का पहला नारा कौन लगाता था?

(क) मेंढक मंडली (ख) जीजी

(ग) पुजारी (घ) गली मोहल्ले वाले

5 हिंदुस्तानी कस्टम अफसर का नाम क्या था?

(क) अनिल दास गुप्ता (ख) सुनील दास गुप्त

(ग) नरेश दास गुप्त (घ) सुरेश दास गुप्त

6 जाति प्रथा मनुष्य की स्वाभाविक प्रेरणा, रुचि व आत्म शक्ति को दबा कर उसे क्या बना देती है?

(क) सक्रिय (ख) निष्क्रिय

(ग) गतिशील (घ) कर्मशील

प्रश्न–6 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कोजिए। 5

सियारों का क्रंदन और पेचक की आवाज कभी–कभी निस्तब्धता को अवश्य भंग कर देती थी। गांव की झोपड़ियों से कराहने और कै करने की आवाज हरे राम! हे भगवान! को टेर अवश्य सुनाई पड़ती थी। बच्चे भी कभी–कभी निर्बल कंठों से मां–मां पुकार कर रो पड़ते थे पर इस से रात की निस्तब्धता में विशेष बाधा नहीं पड़ती थी।

अथवा

यह विडंबना की ही बात है कि इस युग में भी जातिवाद के पोषकों की कमी नहीं है। इसके पोषक कई आधारों पर इसका समर्थन करते हैं समर्थन का एक आधार यह कहा जाता है कि आधुनिक सभ्य समाज कार्य कुशलता के लिए श्रम विभाजन को आवश्यक मानता है। उनकी जाति प्रथा भी श्रम विभाजन का ही दूसरा रूप है इसलिए इसमें कोई बुराई नहीं है।

प्रश्न–7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3+3+3=9

(क) नमक ले जाने के बारे में सफिया के मन में उठे द्वंद्वों के आधार पर उसके चरित्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ख) भक्तिन के आ जाने से महादेवी वर्मा और भी देहातिन कैसे हो गई थी।

(ग) 'काले मेधा पानी दे' संस्मरण का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–8 'वितान भाग 2' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2X5=10

(क) 'जूझ' पाठ में लेखक के मन में पढ़ने के प्रति क्या विचार थे?

(ख) ऐन ने अपने थैले में क्या–क्या भरा और क्यों?

(ग) 'कॉलेज ऑफ़ प्रीस्टस' किसे कहा गया है इसका निर्माण क्यों हुआ होगा?

(घ) मोहनजोदड़ो में जल निकासी की व्यवस्था किस प्रकार की गई थी?

(ङ) मास्टर सौंदलगेकर के अध्यापन की हिन्दीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न–9 अभिव्यक्ति और माध्यम के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1+1+3+5

(1) उल्टा पिरामिड शैली में समाचार को कितने हिस्सों बांटा गया है?

| | |
|---|---|
| (क) दो | (ख) चार |
| (ग) तीन | (घ) पांच |

(2) भारत में इंटरनेट का आरंभ कब हुआ?

| | |
|---|---|
| (क) सन् 1983 में | (ख) सन् 1993 में |
| (ग) सन् 1995 में | (घ) सन् 1997 में |

(3) बीट रिपोटिंग एवं विशेषीकृत रिपोटिंग में क्या अंतर है?

(4) समाचार किसे कहते हैं? यह कैसे लिखा जाता है?

प्रश्न–10 नैतिक शिक्षा के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3+3+2+2

(1) महात्मा बुद्ध ने घर क्यों छोड़ा?

(2) मदनलाल ढींगरा के मन में देश के प्रति क्या भाव था?

(3) केस की पैरवी के समय सरदार पटेल की गतिविधियों का वर्णन कीजिए।

(4) जननी व जन्मभूमि को स्वर्ग से बढ़कर क्यों माना गया है?

प्रश्न–11 व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(1) शुद्ध वाक्य छांटकर लिखिए। 1

(क) मैं एक सज्जन व्यक्ति से मिला। (ख) एक सज्जन व्यक्ति से मैं मिला।

(ग) मैं एक सज्जन से मिला। (घ) सज्जन व्यक्ति से मैं मिला।

(2) 'गायक' शब्द में संधि है- 1

(क) व्यंजन संधि (ख) विसर्ग संधि

(ग) अयादि संधि (घ) दीर्घ संधि

(3) 'कनकलता' शब्द में समास है- 1

(4) 'प्रतिपल' शब्द में समास है- 1

(5) माधुर्यता एक गुण है। (शुद्ध कीजिए) 1

(6) सुबरन को खोजत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर में निहित अलंकार का नाम बताइए। 1

(7) नदी+ईश संधि कीजिए। 1

(8) उपमा अलंकार का एक उदाहरण लिखिए। 1

(9) व्यंजन संधि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2